भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 642

01 दिसंबर, 2021 को उत्तर के लिए

इस्पात उत्पादन

642. श्री निहाल चन्द चौहान:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत दो वर्षों के दौरान देश में इस्पात के कुल उत्पादन और मांग प्रतिशत/अनुपात का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) गत दो वर्षों के दौरान भारत द्वारा इस्पात आयात किए जाने वाले देशों का नाम और प्रतिशत का ब्यौरा क्या है तथा यह देश की कुल मांग का कितने प्रतिशत है; और

(ग) देश में इस्पात के उत्पादन में वृद्धि के लिए सरकार द्वारा उठाए जाने वाले व्यापक कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क): विगत दो वर्षों के दौरान देश में इस्पात के कुल उत्पादन और माँग की प्रतिशतता का राज्य-वार ब्यौरा क्रमशः **अनुलग्नक-I** और **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

(ख): विगत दो वर्षों के दौरान तैयार इस्पात के आयात का देश-वार ब्यौरा और इसकी प्रतिशतता **अनुलग्नक-III** में दी गई है।

(ग): देश में इस्पात के उत्पादन को बढ़ाने के लिए सरकार ने निम्नलिखित कदम उठाएं हैं:

(1) राष्ट्रीय इस्पात नीति, 2017 को अधिसूचित करना, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ इस्पात और उच्च ग्रेड के ऑटोमोटिव इस्पात, विद्युत इस्पात, विशेष इस्पात और मिश्र धातु की कुल माँग को रणनीतिक अनुप्रयोगों हेतु घरेलू स्तर पर पूरा करने की परिकल्पना की गई है।

(2) सरकारी एजेंसियों द्वारा मेड इन इंडिया इस्पात की अधिप्राप्ति को बढ़ावा देने हेतु घरेलू रूप से विनिर्मित लौह एवं इस्पात उत्पाद (डीएमआई एंड एसपी) नीति।

(3) घरेलू रूप से उत्पन्न स्क्रैप की उपलब्धता को बढ़ाने के लिए इस्पात स्क्रैप पुनर्चक्रण नीति को अधिसूचित करना।

(4) गैर-मानकीकृत इस्पात के विनिर्माण और आयात को रोकने के लिए इस्पात गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों को जारी करना।

(5) इस्पात आयातों के अग्रिम पंजीकरण हेतु इस्पात आयात निगरानी प्रणाली (एसआईएमएस) को अधिसूचित करना।

(6) 6,322 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ विशेष इस्पात के लिए उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को अधिसूचित करना।

(7) केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों के संबंधित मंत्रालयों/विभागों द्वारा उद्योग संघों और स्वदेशी इस्पात उद्योग के अग्रणियों सहित विभिन्न हितधारकों की समस्याओं का निवारण करने के लिए उनके साथ सहभागिता।

(8) देश में इस्पात के उपयोग और समग्र माँग में वृद्धि करने के लिए रेलवे, रक्षा, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, आवासन, नागर विमानन, सड़क परिवहन और राजमार्ग, कृषि और ग्रामीण विकास क्षेत्र सहित संगत हितधारकों के साथ सहभागिता।

(9) इस्पात क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करने और सुकर बनाने के लिए मंत्रालय में परियोजना विकास प्रकोष्ठ की स्थापना।

****

अनुलग्नक-I

विगत दो वर्षों के दौरान कुल तैयार इस्पात के उत्पादन की प्रतिशतता का राज्य-वार विवरण:

राज्य	**2019-20**		**2020-21**	
	उत्पादन ('000 टन)	**% शेयर**	**उत्पादन ('000 टन)**	**% शेयर**
अरुणाचल प्रदेश	16	0	0	0
असम	62	0	73	0
बिहार	666	1	647	1
झारखंड	16499	16	14766	15
मेघालय	58	0	41	0
ओडिशा	17109	17	16957	18
त्रिपुरा	14	0	7	0
पश्चिम बंगाल	5334	5	5197	5
छत्तीसगढ़	10516	10	10070	10
दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	206	0	115	0
गोवा	522	1	380	0
गुजरात	9240	9	8779	9
मध्य प्रदेश	543	1	497	1
महाराष्ट्र	8683	8	8677	9
दिल्ली	13	0	25	0
हरियाणा	580	1	642	1
हिमाचल प्रदेश	786	1	655	1
जम्मू और कश्मीर	268	0	244	0
पंजाब	4453	4	4390	5
राजस्थान	1982	2	1692	2
उत्तर प्रदेश	2421	2	1898	2
उत्तराखंड	685	1	571	1
आंध्र प्रदेश	5165	5	4207	4
कर्नाटक	11630	11	10856	11
केरल	465	0	441	0
पुदुचेरी	322	0	308	0
तमिलनाडु	2646	3	2340	2
तेलंगाना	1737	2	1728	2
कुल	**102621**	**100**	**96204**	**100**

स्रोत: जेपीसी (संयुक्त संयंत्र समिति)

अनुलग्नक-II

विगत दो वर्षों के दौरान कुल तैयार इस्पात की खपत की प्रतिशतता का राज्य-वार ब्यौरा:

राज्य	2019-20		2020-21	
	उत्पादन ('000 टन)	% शेयर	उत्पादन ('000 टन)	% शेयर
छत्तीसगढ़	2288	2	2188	2
दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	565	0	537	0
गोवा	448	0	433	0
गुजरात	7836	8	7764	8
महाराष्ट्र	13568	14	3137	3
मध्य प्रदेश	3410	3	13131	14
अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	10	0	4	0
अरुणाचल प्रदेश	6	0	14	0
असम	568	1	593	1
बिहार	3209	3	3317	4
झारखंड	3981	4	3985	4
मणिपुर	12	0	7	0
मेघालय	283	0	274	0
मिजोरम	67	0	61	0
नागालैंड	2	0	2	0
ओडिशा	7004	7	6637	7
सिक्किम	7	0	5	0
त्रिपुरा	268	0	276	0
पश्चिम बंगाल	6623	7	6246	7
चंडीगढ़	764	1	692	1
दिल्ली	2410	2	1738	2
हरियाणा	5489	6	5026	5
हिमाचल प्रदेश	488	0	314	0
जम्मू और कश्मीर	734	1	738	1
लद्दाख	0	0	16	0
पंजाब	5686	6	5526	6
राजस्थान	2805	3	2658	3
उत्तर प्रदेश	7110	7	6956	7
उत्तराखंड	1198	1	1150	1
आंध्र प्रदेश	4672	5	4436	5
कर्नाटक	4608	5	4213	4
केरल	1092	1	1014	1
पुदुचेरी	306	0	309	0
तेलंगाना	4809	5	6362	7
तमिलनाडु	7215	7	4512	5
कुल	**99541**	**100**	**94273**	**100**

अनुलग्नक-III

कुल तैयार इस्पात का आयात

देश	**2019-20**		**2020-21**	
	उत्पादन ('000 टन)	**% शेयर**	**उत्पादन ('000 टन)**	**% शेयर**
ऑस्ट्रिया	13	0	71	1
बेल्जियम	74	1	56	1
ब्राज़ील	23	0	5	0
कनाडा	20	0	17	0
चीन	1207	18	843	18
फिनलैंड	9	0	5	0
फ्रांस	56	1	121	3
जर्मनी	135	2	146	3
इंडोनेशिया	464	7	79	2
इटली	81	1	33	1
जापान	1018	15	560	12
कोरिया	2687	40	1947	41
कुवैत	8	0	3	0
मलेशिया	51	1	42	1
नेपाल	6	0	6	0
नीदरलैंड	11	0	20	0
पोलैंड	8	0	5	0
रूस	71	1	63	1
सिंगापुर	139	2	43	1
स्लोवेनिया	11	0	7	0
दक्षिण अफ्रीका	22	0	15	0
स्पेन	32	0	20	0
स्वीडन	23	0	27	1
ताइवान	165	2	186	4
थाईलैंड	52	1	50	1
यू.के.	17	0	11	0
संयुक्त अरब अमीरात	21	0	21	0
यूक्रेन	84	1	31	1
अमेरिका	65	1	54	1
वियतनाम	86	1	133	3
अन्य	110	2	134	3
कुल	**6768**	**100**	**4752**	**100**
स्रोत: जेपीसी (संयुक्त संयंत्र समिति)				

***